हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


**तापमान**

अधिकतम 44.2 डिग्री

न्यूनतम 31.6 डिग्री



12 ओडिशा के बुजुर्ग को पहुंचाया घर


12 चंद्रपुर के शिव मंदिर तालाब में नवीनीकरण


## खबर संक्षेप

### खेत में लगी आग बुझा रहे किसान के साथ मारपीट

**महासमुंद।** खेत में लगी आग को बुझा रहे किसान के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारीबाहरा का है। पुलिस को धजाराम साव ने बताया कि कटेल एवं कुदारीबाहरा में मेरे खेत से लगा हुआ हेमंत साव का भी खेत है। 25 मई को वह अपने खेत काम करने गया था, और देखा मेरे खेत एवं आसपास की खेतों में आग लगी हुई है, जिसे वह बुझा रहा था। तभी वहां हेमंत साव आया और आग क्यों लगाया है कहकर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दुकान के सामने गाली गलौज

**महासमुंद।** दुकान के सामने गाली गलौज करने वाले एक व्यक्ति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी महेंद्र जैन ने बताया कि 24 मई को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की बैठक समाप्त होने के पश्चात शाम लगभग 5.45 को अपनी दुकान आ रहा था, उसी समय प्रिया वस्त्रालय के संचालक हेमंत बोथरा ने उसका पीछा कर दुकान के सामने आकर जोर-जोर से चिल्ला कर गाली गलौज करने लगा तथा उसके दुकान के सामने थूंकने लगा। प्रार्थी ने बताया कि आज सुबह प्रतिदिन की तरह उसका छोटा भाई रविंद्र जैन, जैन मंदिर पूजा करने गया था, उसे भी हेमंत बोथरा द्वारा अपमानित किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद भाई के साथ गाली गलौज

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर नायब तहसीलदार न्यायालय कक्ष में भाई के साथ विवाद कर गाली गलौज करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को विष्णु चंद्राकर निवासी वार्ड नं 26 क्लबपारा महासमुंद ने बताया कि ग्राम कोना में उसकी पैतृक जमीन है, जिसमें वह कृषि कार्य करता है। उसका अपने छोटे भाई चंद्रपाल चंद्राकर के साथ ग्राम कोना के जमीन विवाद का मामला नायब तहसीलदार महासमुंद में विचाराधीन है, जिसकी पेशी 18.05.2026 को नियत थी। वह नायब तहसीलदार के न्यायालय शाम करीबन 4.30 बजे गया था। न्यायालय कक्ष में पहले से उसका भाई चंद्रपाल चंद्राकर उपस्थित था, जिसे देखकर उसको समझाते हुए बोला कि हम दोनों सगे भाई हैं, पैतृक जमीन है जिसमें हम दोनों आपस में बेवजह लड़ रहे हैं। इस पर छोटे भाई ने गुस्से में आकर कहा कि तुमने मेरे हिस्से की जमीन को फर्जी तरीका अपने नाम कर लिया है। गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# डीजल की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण रेत से जुड़े व्यापार खासे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ईंधन की अपर्याप्त आपूर्ति और वाहनों में पेट्रोल-डीजल नही मिल पाने के चलते संचालित होने वाली मशीनें और परिवहन से जुड़े व्यवसाय खासे प्रभावित हो रहे हैं। डीजल की खपत के अनुरुप केवल 10 फीसदी आपूर्ति होने से रेत खदानों और रेत परिवहन का कामकाज पर भी इसका असर नजर आने लगा है। खदानों में पोकलेन, हाइवा, ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे रेत उत्खनन और परिवहन दोनों की गति धीमी पड़ गई है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों और भवन निर्माण सामग्री की उपलब्धता पर दिखाई देने लगा है। वहीं, वैध खदान संचालक भी इस परेशानी से प्रभावित हैं।

लाफिनखुर्द, बड़गांव, बरबसपुर सहित अन्य वैध खदानों से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों के माध्यम से रेत का परिवहन किया जाता रहा है। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से डीजल की सीमित उपलब्धता के कारण वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों में लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। कई स्थानों पर निर्धारित मात्रा में ही डीजल दिया जा रहा है, जिससे ट्रांसपोर्टरों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं रेत खदान संचालकों का भी कहना है कि पोकलेन में जहां दिन भर में 50 हजार रुपए के डीजल की आवश्यकता होती है वहां केवल 5 से 10 हजार के डीजल मिलने के कारण ट्रकों में लोडिंग नही हो पा रही।

## 10 फीसदी आपूर्ति होने से खदानों और परिवहन का कामकाज पर भी असर

### डीजल संकट से बढ़ा संचालन खर्च

वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्टरों की मानें तो डीजल संकट के कारण वाहनों का संचालन खर्च बढ़ गया है। कई वाहन दिनभर खड़े रहने को मजबूर हैं, जबकि, कुछ वाहन आधे ट्रिप में ही सीमित हो गए हैं। इससे मजदूरों और वाहन चालकों की आय पर भी असर पड़ा है। खनन क्षेत्र से जुड़े लोगों के अनुसार, जिले की कई रेत खदानों में उत्खनन सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम हो गया है। इसका प्रभाव बाजार में रेत की उपलब्धता पर भी पड़ने लगा है और कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है।



### भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित

निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदारों ने बताया कि रेत की सप्लाई बाधित होने से भवन निर्माण और अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। डीजल आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में निर्माण कार्यों की गति और धीमी हो सकती है। इधर, प्रशासनिक स्तर पर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। संबंधित विभागों द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों से समन्वय बनाकर आवश्यक सेवाओं और परिवहन कार्यों के लिए डीजल उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। खदान संचालक, ट्रेडर्स व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों और रेत कारोबार से जुड़े संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि खनन और परिवहन कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराया जाए।

**गर्मी :** जिला अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए विशेष तैयारी

# अब तक 5 मरीज भर्ती, 1 रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को देखते हुए महासमुंद जिला अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह मुस्तैद और अलर्ट हो गया है।

चिकित्सा विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अस्पताल में हीट स्ट्रोक (लू लगने) से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अस्पताल में अब तक हीट स्ट्रोक के कुल 5 मरीजों को इलाज के लिए भर्ती किया जा चुका है। चिकित्सा विभाग ने बताया कि अस्पताल लाए गए इन 5 मरीजों में से 3 मरीजों की स्थिति में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी (डिस्चार्ज) दे दी गई है। इसके अलावा, 1 मरीज का इलाज अभी भी जिला अस्पताल में जारी है, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। वहीं, 1 मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर और उच्च स्तरीय इलाज के लिए रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल रेफर किया गया है।



### अस्पताल प्रबंधन की तैयारियां

जिला अस्पताल के मेडिकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गर्मी के इस मौसम में लू की चपेट में आने वाले संभावित मरीजों को तुरंत और सही इलाज देने के लिए अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं और जीवन रक्षक उपकरण तैयार रखे गए हैं। अस्पताल के स्टाफ को भी इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

### डॉक्टरों की सलाह

बढ़ती गर्मी और लू के खतरों को देखते हुए डॉक्टरों ने आम जनता को कुछ जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है कि दोपहर के समय बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें, लगातार पानी और तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को सूती कपड़े से ढक कर रखें। यदि अचानक तेज बुखार, उल्टी, चक्कर आना या सिरदर्द जैसी समस्या हो, तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संपर्क करें। चिकित्सा विभाग का कहना है कि अस्पताल प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और लोगों को पैनिक करने (घबराने) की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है।

**जिले के बसना के गौरव पथ में फिर एक दर्दनाक हादसा**

# लापरवाही के चलते गई पूर्व लाइनमैन सिन्हा की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना में निर्माणाधीन गौरव पथ में रविवार को अग्रवाल नर्सिंग होम मोड़ के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में टिकरापारा निवासी और विद्युत विभाग के पूर्व लाइनमैन लखन लाल सिन्हा 62 वर्ष की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11:30 बजे लखन लाल सिन्हा अपने घर जाने के लिए अग्रवाल नर्सिंग होम मोड़ के पास मुड़ रहे थे। इसी दौरान रायपुर की ओर से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही साईं बस क्रमांक सीजी 04 इए 0257 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सिन्हा को तुरंत इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया, जहां शाम करीब 7 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

सिन्हा कलार समाज के संरक्षक होने के साथ-साथ कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े थे। इस हादसे ने नगर प्रशासन और यातायात व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। स्थानीय वार्ड पार्षद मनोज गड़ेवाल सहित नगरवासियों का कहना है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुई हत्या है। रविवार को जनपद चौक के पास कीर्तन कार्यक्रम के कारण मुख्य मार्ग को बंद कर डायवर्सन किया गया था। लेकिन, इसके आगे सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे और न ही सही संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए गए थे, जिससे वाहन चालक भ्रमित होकर गलत दिशा में चलने लगे। मार्च 2026 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस 3 किलोमीटर लंबे गौरव पथ पर 30 ऐसी क्रॉसिंग हैं जो बेहद खतरनाक हैं। पिछले दो महीनों में ही यहां 13 हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिला और नगर प्रशासन ने इन्हें सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। नगर के भीतर से गुजरने वाली बसों की रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है। ये बसें तेज प्रेशर हॉर्न बजाते हुए शहर के बीच से गुजरती हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बस चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

महासमुंद। ग्राम अछोला पुल के पास एक ट्रेलर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक प्राणदास मानिकपुरी पिता जोहन उम्र 68 साल ग्राम अमोदी थाना आरंग जिला रायपुर 24 मई को अपनी सोल्ड हीरो मोटरसायकल से ग्राम मोहंदी से महासमुंद जा रहा था। सुबह लगभग 07.30 बजे ग्राम अछोला पुल के आगे पहुंचने पर पीछे से आ रहे ट्रेलर ट्रक क्र सीजी 11 बीक 8001 के चालक द्वारा अपने वाहन को शराब के नशे में तेज एवं लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाकर मोटरसायकल को पीछे से ठोकर मार दिया। एक्सीडेंट में गंभीर चोट आने से प्राणदास मानिकपुरी की मौत हो गई। मामले में आरोपी ट्रेलर चालक शो कुमार खलखो पिता सहस राम खलखो (30 साल) ग्राम बतरा थाना पाली जिला कोरबा छग के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस, 184, 185 एमवी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 19 दिन बाद भी नहीं हुई भाजपा नेता की गिरफ्तारी, भीषण गर्मी में आदिवासी परिवार के समर्थन में सड़कों पर उतरी आम आदमी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

आदिवासी परिवार के साथ कथित जातिसूचक गाली-गलौज के मामले में एट्रोसिटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होने के बावजूद 19 दिनों तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सोमवार को आम आदमी पार्टी ने पीड़ित आदिवासी परिवार के समर्थन में नगर में विशाल रैली निकालकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

रैली में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। मामला ग्राम डोंगरीपाली स्थित भूमि खसरा नंबर 425/1 से जुड़ा हुआ है। पीड़ित मनबोध कोड़ाकू ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान वह अपने परिवार के साथ खेत में लगी धान की फसल की कटाई कर रहा था। इसी दौरान आरोपी दुलीकेशन साहू और किरण साहू वहां पहुंचे। और आरोपियों ने खेत को अपना बताते हुए धान कटाई करने से मना किया। विरोध करने पर जातिसूचक गाली-गलौज की गई और डराने-धमकाने का प्रयास किया गया।



घटना के बाद पीड़ित परिवार लगातार न्याय की मांग करता रहा, लेकिन लंबे समय तक मामला दर्ज नहीं किया गया। लगभग छह महीने बाद 6 मई 2026 को पिथौरा थाना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(v) तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि एक आदिवासी परिवार के साथ खुलेआम अन्याय हुआ है। यही घटना किसी सामान्य व्यक्ति के साथ होती तो अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती। पीड़ित मनबोध कोड़ाकू ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा बयान करते हुए कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी लगातार गांव में घूम रहे हैं और समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं।

### 7 जून को रायपुर में प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 6 जून तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो 7 जून को राजधानी रायपुर में प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष इमरान खान, राज्य सचिव संतोष चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण यादव, प्रदेश सचिव रुद्र सेन सिन्हा, लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, संगठन मंत्री सकील खान, बसना पार्षद अमरीन इरफान इल्लू, पूर्व प्रदेश सचिव संजय यादव, गरियाबंद जिला अध्यक्ष चमन यादव, यूथ विंग जिला अध्यक्ष खिरोद पटेल, धमतरी जिला अध्यक्ष विनोद सचदेवा, यूथ विंग जिला अध्यक्ष ललित नागर्ची, जिला उपाध्यक्ष तनेश निर्मलकर, जिला महासचिव पुरोहित बंजारे, मधुराम यादव, जिला उपाध्यक्ष गोपालदास वैष्णव, इरफान खान, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मिलासिनी सिंह, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष एम.डी. सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**हाथी ट्रैकिंग व्यवस्था पर उठे सवाल, ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

# खेत की रखवाली कर रहे किसान को दंतैल हाथी ने पटककर कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

- बेटे ने टॉर्च की रोशनी में देखा पिता का शव, दोंद गांव में दर्दनाक हादसे से दहशत

बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे किसान की दंतैल हाथी के हमले में मौत हो गई। रविवार 24 मई की घटना में मृतक की पहचान ग्राम दोंद निवासी जहरूराम नेताम (55) पिता बिशाहू नेताम के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार बारनवापारा से लगभग पांच किलोमीटर दूर बारनवापारा-बरबसपुर मार्ग स्थित ग्राम दोंद के दादर खार क्षेत्र में यह दर्दनाक घटना हुई। सड़क से करीब 150 से 200 मीटर दूर खेत में बने मचान के पास जहरूराम नेताम रोज की तरह रात लगभग साढ़े आठ से नौ बजे के बीच टॉर्च लेकर खेत की रखवाली करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि खेत में रखी धान खरही के समीप पेड़ की आड़ में पहले से मौजूद दंतैल हाथी ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हाथी ने उन्हें पटककर कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद खेत में भयावह दृश्य देखने को मिला। ग्रामीणों के अनुसार जहरूराम नेताम के हाथ से छिटककर कुछ दूरी पर टॉर्च जलती हुई पड़ी थी। हाथी के जोरदार चिंघाड़ने की आवाज सुनकर पास के दूसरे खेत में रबी धान फसल की रखवाली कर रहा उनका पुत्र कुशल नेताम घबराकर डरा सहमा किसी अनिष्ट की आशंका से पिता के मचान की ओर पहुंचा। वहां उसने टार्च की रोशनी से घटनास्थल में एक दंतैल हाथी को देखने एवं साथ ही अपने पिता को पटककर कुचले अवस्था में भी देख इसकी सूचना गाँव में दी। बाद मृत अवस्था में पड़ा देखा गया। इसके बाद गांव में घटना की जानकारी फैलते ही मातम पसर गया।



वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हाथी से जनहानि के मामलों में निर्धारित कुल 6 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि में से शेष 5 लाख 75 हजार रुपए पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शीघ्र प्रदान किए जाएंगे।शव परीक्षण के लिए शव को पिथौरा भेजा गया।

इधर, कोठारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवनलाल साहू जो वर्तमान में अपनी पत्नी के उपचार के लिए अस्पताल में हैं ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 30 से 32 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इनमें से एक दंतैल पिछले तीन-चार दिनों से मुरूमडीह गांव के आसपास अलग घूम रहा था और घटना के बाद पुनःदल में लौट शामिल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों द्वारा क्षेत्र में फसलों, बोर पाइप, प्लास्टिक धमेला एवं अन्य कृषि सामग्री को भी नुकसान पहुंचाया गया है। हालांकि वन विभाग का कहना है कि हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। हाथी मित्र दल सक्रिय रूप से ट्रैकिंग कर रहा है तथा प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

### रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर ग्रामीण

लगातार हाथियों की मौजूदगी से दोंद सहित आसपास के गांवों में भय का माहौल है। किसान रातभर खेतों में पहरा देने को मजबूर हैं। वहीं अब ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था,त्वरित सूचना तंत्र एवं हाथियों की निगरानी मजबूत करने की मांग की है।




तत्काल संपर्क करें

फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....

फील्ड मार्केटिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईज़र, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....

(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)

कार्य के समय-8 घंटे

सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)

संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।

-कार्यालय का पता-

हरिभूमि

जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

मो.नं.99811-31365

## खबर संक्षेप

### सनामन समरसता यात्रा के लिए अनुमति की मांग

**महासमुंद।** शहीद वीर सावरकर की जयंती पर 28 मई से 3 जून तक सनातन समरस्ता यात्रा की अनुमति देने की मांग कलेक्टर से की है। सनातन समरस्ता पदयात्रा समिति के प्रधान संयोजक रविप्रकाश ने बताया कि सनातन समरस्ता पदयात्रा समिति द्वारा समस्त सनातन धर्म के प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन से शहीद वीर सावरकर की जयंती के उपलक्ष्य में 28 मई से से 03 जून 2026 तक पदयात्रा का आयोजन किया गया है। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम सिंघोड़ा सरायपाली मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना पश्चात प्रारंभ होकर मुख्यमंत्री के निवास स्थान पर उन्हें ज्ञापन सौंपकर संपन्न होगी। पदयात्रा का प्रारंभ सरायपाली सिंघोड़ा मंदिर से 28 मई को होकर बसना, भगतदेवरी, सांकरा, पिथोरा, झलप, पटेवा, तुमगांव, आरंग, मंदिर हसौद होते हुए सिविल लाइन रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म में व्याप्त कुरीतियों एवं छुआ-छूत जैसे अन्य बुराइयों को दूर कर सनातन धर्म में परस्पर एकता एव भाईचारा बनाए रखना है, यह पदयात्रा पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक है तथा पदयात्रा समिति इस यात्रा को शांति पूर्ण तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कलेक्टर से यात्रा के लिए अनुमति देने का अनुरोध किया है।

# खल्लारी विधायक ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र, 5 लाख के बजट को बताया, ऊंट के मुंह में जीरा, अतिरिक्त राशि देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल की किल्लत गहराने लगी है। विशेषकर नगर पालिका बागबाहरा के कई वार्डों में पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। इस जनसमस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक द्वारिकाधीश यादव ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव को पत्र सौंपकर बागबाहरा के लिए तत्काल अतिरिक्त विशेष फंड जारी करने की मांग की है।

विधायक यादव ने उपमुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस बात पर गहरा असंतोष और चिंता व्यक्त की है कि बागबाहरा जैसे बड़े नगरीय निकाय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन द्वारा मात्र 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक यादव ने कहा है कि वर्तमान में जलस्तर नीचे जाने के कारण क्षेत्र के कई पुराने बोर और हैंडपंप सूख चुके हैं। ऐसे में इतनी सीमित राशि से पूरी नगर पालिका क्षेत्र की प्यास बुझाना और संकट का स्थायी समाधान निकालना पूरी तरह नामुमकिन है। क्षेत्र की जनता को राहत पहुंचाने के लिए विधायक यादव ने प्रभावित और जलसंकट वाले वार्डों में तुरंत नए नलकूप



(बोर) खनन की अनुमति और बजट दिया जाए, जिन इलाकों में पाइपलाइन का विस्तार नहीं है या पानी का दबाव कम है, वहां आपातकालीन स्थिति में टैंकरों के जरिए जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय व नगरीय प्रशासन विभाग के उच्च अधिकारियों को इसके लिए राशि आवंटन के संबंध में त्वरित और कड़े दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा को एक पत्र भेजा है।

जिसमें विधायक यादव ने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि खल्लारी विधानसभा के जिन गांवों में पेयजल का संकट सबसे अधिक है, वहां तुरंत पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में तत्काल उचित और कड़े निर्देश प्रदान करने का अनुरोध किया है ताकि ग्रामीणों को जल्द राहत मिल सके।

बॉक्स अघोषित बिजली कटौती बंद की जाय विधायक यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट को देखते हुए नगरीय निकायों में अघोषित बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए। बिजली कटने से पानी की टंकियां नहीं भर पा रही हैं, जिससे आम जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि जलापूर्ति के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को पानी के संकट से राहत मिल सके।

# वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों ने नहीं उपलब्ध कराई जानकारी, किए गए निलंबित

**महासमुंद।** वैश्विक स्तर पर उर्वरकों के आपूर्ति के मद्देनजर जिले में कृषकों को सुचारू रूप से उर्वरकों के उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा सतत निरीक्षण व निगरानी का कार्य जारी है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि उर्वरक की जमाखोरी, कालाबाजारी एवं अनियमित वितरण पर कलेक्टर द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा किसानों को उचित दाम और शासन के निर्देशानुसार समय पर खाद उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभी हाल ही में शिकायत की पुष्टि होने पर जिले के दो वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों का निलंबन किया गया है। उप संचालक कृषि कश्यप ने बताया कि जिले में 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक (फसल उत्पादन पर अक्रियाशील अवधि) पर भी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा कृषकों को अनियमित रूप से अधिक उर्वरक वितरण किया गया है। जिस पर 26 उर्वरक विक्रय केंद्रों के लाइसेंस को निलंबित किया गया। साथ ही जिले के 4 उर्वरक विक्रय केंद्रों पर अत्यधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय किए पाए जाने के कारण एवं गत वर्ष में भी उक्त उर्वरक केंद्रों को 15 दिवस के लिए निलंबित किया जा चुका है। इसी तारतम्य में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कार्रवाई किए जाने के लिए दो व.कृ.वि.अधिकारी विकासखंड बागबाहरा एवं व.कृ.वि. अधिकारी विकासखंड सरायपाली को समय सीमा की बैठक में एवं विभागीय पत्रों द्वारा निर्देशित किया गया था। परंतु उक्त 4 उर्वरक विक्रय केंद्रों से संबंधित उर्वरक सत्यापन की जांच की जानकारी व.कृ.वि.अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है, न ही अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की गई है, इस तरह दोनों व.कृ.वि.अधिकारी द्वारा इस पर उदासीन रवैया अपनाते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा दोनों व.कृ.वि.अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई किया गया है। भविष्य में भी खाद की कालाबाजारी करने एवं उसमें किसी तरह संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## सिरबोडा में जन-समस्या निवारण शिविर पात्र हितग्राहियों को सामग्री व किट वितरित

**सरायपाली।** ग्राम सिरबोड़ा में जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित विशेष अभियान सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, राजेंद्र नायक व अन्य सम्मिलित होकर आमजन की समस्याओं एवं मांगों को सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गर्भ संस्कार कार्यक्रम सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं किट का वितरण किया गया। प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ पहुंचाना है। ताकि, आमजन को उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सके।



## फुलझर नाई समाज ने किया छात्रों का सम्मान

**सरायपाली।** फुलझर नाई समाज द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह समाजिक भवन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पाइकमाल ओडिशा की समाज सेविका डॉ. दीपा बारीक थी। अध्यक्षता फुलझर नाई समाज के पूर्व अध्यक्ष संतलाल बारीक ने की। समारोह में विशेष रूप से अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल परीक्षा 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा संध्या नायक थी। अन्य विशिष्ट अतिथि गौरीशंकर बारीक, सभापति बारीक समाज पाइकमाल रमेश बारीक, सचिव पाइकमाल श्रीवत्स कुमार पसायत, मनोहर पसायत, राधेश्याम पसायत, विपीन पसायत, संतोष बारीक थे। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में फुलझर नाई समाज के उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थीयों का समाजजनों द्वारा पुष्पहार एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं अन्य अतिथियों ने सम्मान पत्र तथा मोमेन्टो देकर प्रतिभावान विद्यार्थीयों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्याम कुमार पसायत उपाध्यक्ष महासभा, धनमाली बारीक शाखा अध्यक्ष बसना सांकरा, ब्रजमोहन बारीक शाखा अध्यक्ष सरायपाली, परशुराम बारीक, बासुदेव बारीक, उपेन्द्र बारीक, परमानंद बारीक, केशरीनंदन सेन, देवराज बारीक, खिरोद्र बारीक, मकरध्वज बारीक, डोलेश पसायत, भगतराम यशेत नारायण बारीक आदि मौजूद रहे। संचालन महासभा अध्यक्ष सूर्यभानु बारीक तथा आभार प्रदर्शन फुलझर नाई समाज के संस्थापक जयकृष्ण बारीक ने किया।

# जनजातीय गरिमा उत्सव एवं जनभागीदारी अभियान, सबसे दूर सबसे पहले अभियान अंतर्गत 345 शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले में 18 मई से 25 मई 2026 तक जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 एवं जनभागीदारी अभियान का व्यापक आयोजन किया गया। अभियान के अंतिम दिवस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर अभियान की उपलब्धियों, मैदानी अनुभवों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय उपस्थित रहे एवं सभी जनपद सीईओ वीसी के माध्यम से जुडे.थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि अभियान केवल निर्धारित अवधि तक सीमित न रहकर गांवों में सतत फॉलोअप, नियमित भ्रमण, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से निरंतर जारी रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों




एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान निर्मित जनविश्वास, विभागीय समन्वय एवं सकारात्मक जनसंपर्क को आगे भी निरंतर बनाए रखा जाए। बैठक में अधिकारियों द्वारा अभियान के दौरान प्राप्त अनुभवों, चुनौतियों एवं उपलब्धियों को साझा किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि अभियान के तहत पीएम जनमन योजना के 76 ग्रामों तथा धरती आबा अभियान के सभी 308 ग्रामों में सबसे दूर, सबसे पहले की अवधारणा के अनुरूप व्यापक स्तर पर 345 संतृप्ति शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 46 हजार 787 नागरिकों ने सहभागिता निभाई। शिविरों के माध्यम से अब तक 547 हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाए गए, 467 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए तथा 42 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा 52 हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से जोड़ा गया तथा 210 नए राशन कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य शिविरों में 2 हजार 538 लोगों की सिकल सेल जांच की गई। साथ ही ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीपी एवं शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में शिविरों में भागीदारी निभाई। अभियान के अंतर्गत 21 से 23 मई तक आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से कुल 4 हजार 165 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 1 हजार 630 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष 2 हजार 535 आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर निराकरण की कार्रवाई जारी है। सभी आवेदनों का पंजीयन कर उनकी जानकारी पोर्टल में दर्ज की जा रही है। इसी तरह 19 मई से 25 मई तक "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत गांवों में सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सरपंच-सचिवों, मितानिनों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

# भीषण गर्मी में पौधों को जीवन दे रही जनपद उपाध्यक्ष हुलसी की नारी शक्ति और युवा शक्ति की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक कदम पर्यावरण की ओर के पावन संकल्प को धरातल पर चरितार्थ करते हुए जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में लगातार ऐसे अत्यंत प्रेरणादायक और अनुकरणीय कार्य किए जा रहे हैं जो पूरे समाज के लिए एक अनूठी मिसाल बन चुके हैं। नारी शक्ति समाज सेवी मातृशक्ति की ओर से साल 2017 से शुरू की गई यह अद्वितीय और निःस्वार्थ पहल बिना थमे निरंतर जारी है, जिसके तहत प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष अभियान चलाकर समाज को एक नई, जागरूक और सकारात्मक दिशा देने का अद्भुत काम किया जा रहा है। इसी सेवाभावी कड़ी में वर्तमान में पड़ रही भीषण और तपती गर्मी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस रविवार को समूह द्वारा एक अत्यंत पुनीत और सराहनीय कार्य किया गया, जिसमें जनपद उपाध्यक्ष हुलसी की अगुवाई में पूरी टीम ने



बेलसोंडा रेलवे ट्रैक के किनारे लगे पेड़-पौधों को झुलसने से बचाने के लिए उन्हें पानी देने का व्यापक जीवन-दायिनी अभियान चलाया। मातृशक्ति के इस जीवंत और संवेदनशील प्रयास का प्रभाव इतना गहरा रहा कि इससे प्रेरित और प्रभावित होकर क्षेत्र की जागरूक युवा शक्ति भी स्वतः स्फूर्त होकर इस महायज्ञ में शामिल हो गई, जिससे नारी शक्ति और युवा शक्ति के इस अद्भुत संगम ने पर्यावरण संरक्षण के इस नैतिक दायित्व को एक बड़े और प्रेरणादायी जन-आंदोलन का रूप दे दिया है। इस पहल भागीदार केजा धीवर, रामबाई ध्रुव, क्रांति चंद्राकर, अंजनी कनौजे, शीलू चंद्राकर, मनटोरा ध्रुव, जानकी धीवर, लोकेश्वरी चंद्राकर, युवा शक्ति में शिव कनौजे, मयंक चंद्राकर, नितीन चंद्राकर आदि बने।



## अभ्यर्थियों ने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के शैक्षणिक पदों पर जारी भर्ती में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने राज्यपाल रमेन डेका, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शिकायत की गई है कि नियमों के बावजूद छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय के भर्ती नियमों में छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को प्राथमिकता देने का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन चयन प्रक्रिया में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। इस मौके पर अभ्यर्थियों के. सिंह, धर्मेंद्र नागेश, गौरव शर्मा आदि ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि विगत वर्षों में प्रदेश के अनेक उच्च शिक्षित युवाओं ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन एवं शोध के क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए स्वयं को तैयार किया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में वर्तमान में संचालित शैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया में क्षेत्रीय संतुलन, स्थानीय प्रतिनिधित्व तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निम्नलिखित मांग अभ्यर्थियों ने राज्यपाल, उच्च शिक्षा मंत्री एवं सांसद के समक्ष प्रस्तुत की है।

# प्राकृतिक आपदाओं की जिम्मेदारी अब राजस्व समेत अन्य विभागों की भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व चेतावनी और नुकसान कम करने का काम करना होगा
- आपदा प्रभावितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया होगी आसान

खास खबर

छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली मौतों के लिए अकेला राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में नियम में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के साथ ही स्वास्थ्य, होमगार्ड, कृषि और वन विभाग की भी जिम्मेदारी तय की गई है। आपदाओं को भी इन विभागों में बांटा गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में होने वाली विभिन्न प्राकृतिक और स्थानीय आपदाओं के प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब अलग-अलग तरह की आपदाओं की जिम्मेदारी और उनकी निगरानी विशिष्ट विभागों द्वारा की जाएगी। आपदा प्रभावितों को राहत राशि वितरण में तेजी- अक्सर देखा गया है कि फाइलें एक विभाग से दूसरे विभाग में घूमने के कारण प्रभावित परिवारों को मुआवजा मिलने में देरी होती थी। अब संबंधित विभाग सीधे तौर पर नुकसान का आकलन कर अपनी बजट सीमाओं के भीतर त्वरित सहायता प्रदान कर सकेंगे।

### किस आपदा के लिए कौन-सा विभाग जिम्मेदार

राज्य सरकार द्वारा जारी सारिणी के अनुसार, आपदाओं को श्रेणीबद्ध कर संबंधित विभागों को जवाबदेही सौंपी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग- आकाशीय बिजली (गाज), गड्ढे में डूबने, भारी वर्षा और तूफान जैसी घटनाओं की निगरानी और राहत का जिम्मा इस विभाग के पास रहेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग- सांप, बिच्छू, गोह और मधुमक्खी के काटने जैसी घटनाओं के साथ-साथ 'हीट वेव' (लू) से होने वाली क्षति के लिए अब स्वास्थ्य विभाग उत्तरदायी होगा। होमगार्ड और एसडीआरएफ- नदी, तालाब, बांध, कुआं या नहर में डूबने, नाव दुर्घटना और एलपीजी सिलेंडर फटने से होने वाली आगजनी की घटनाओं का प्रबंधन अब होमगार्ड और आपातकालीन सेवाएं संभालेंगे। वन और कृषि विभाग की ये जिम्मेदारीवन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग- जंगलों में लगने वाली आग (वनाग्नि) के मामलों के लिए सीधे तौर पर वन विभाग को अधिकृत किया गया है। कृषि एवं पशुपालन विभाग- खेती की जमीन पर आगजनी और बिजली गिरने या सर्पदंश से होने वाली पशुहानि की जिम्मेदारी कृषि और पशुपालन विभाग की होगी।

### इस बदलाव की जरूरत क्यों पड़ी

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस विकेंद्रीकरण के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण हैं। जवाबदेही तय करना- अब तक अधिकांश आपदा राहत कार्यों का बोझ केवल राजस्व विभाग पर होता था। विभागों के बंटवारे से अब प्रत्येक विभाग अपने क्षेत्र से संबंधित आपदा के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा। उदाहरण के लिए, सर्पदंश की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग बेहतर तरीके से मेडिकल डेटा और राहत का समन्वय कर सकेगा।

## एक्सप्रेस-वे पर गलत तरीके से रास्ता खोला, कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने सिटी सेंटर मॉल के सामने बने एक्सप्रेस-वे का रूट बीच में खोलने वाले पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, जहां एक तरफ भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री लगातार विकास कार्यों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा करते हैं, वहीं पीडब्ल्यूडी के कुछ अधिकारी अपने फायदे के लिए बड़े कॉलोनाइजरों से मिलीभगत कर आम जनता को दुर्घटनाओं के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है यह कार्य निजी और आर्थिक लाभ के लिए किया जा रहा है, जिसके कारण पूरे प्रोजेक्ट की दिशा बदली जा रही है। उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि एक्सप्रेस-वे के प्रारंभिक सर्वे और वर्तमान में किए गए बदलावों की तुलनात्मक जांच किसी स्वतंत्र केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए। जिस अधिकारी ने तकनीकी कारणों को दरकिनार कर किसी निजी व्यक्ति या लॉबी को फायदा पहुंचाने के लिए रूट बदला है, उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। एक्सप्रेस-वे के मार्ग निर्धारण से जुड़ा पूरा नक्शा और फिजिबिलिटी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। कांग्रेस विकास विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर भ्रष्टाचार के इस खेल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर सरकार ने इस रूट घोटाले पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया तो कांग्रेस संबंधित के खिलाफ देवेंद्र नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराएगी।

# बिजली कटौती पर कांग्रेस को मुख्य अभियंता का आश्वासन- 10 दिन में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के सीई संजीव सिंह एवं सभी डिवीजन के प्रमुख अभियंताओं के साथ बैठक कर लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज एवं विद्युत सुधार में देरी को लेकर स्थायी समाधान की मांग की। रविवार और छुट्टी होने के बाद भी बैठक हुई, जो कई घंटे चली। प्रतिनिधिमंडल को सीई ने आश्वासन दिया है कि 10 दिन के अंदर सभी स्थायी-अस्थाई समस्याओं के निपटारे के लिए ठोस पहल करेंगे।

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा और शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने रायपुर ग्रामीण के भनपुरी, गोंदवारा, सोनडोंगरी, कबीर नगर, मोवा, सड्डू, अमलीडीह, कांदुल, देवपुरी, कचना आदि क्षेत्रों में विद्युत कटौती के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। उन्होंने घटिया ट्रांसफार्मर, खराब क्वालिटी के केबल, इंसुलेटर एवं अन्य साधनों को बार-बार ब्रेकडाउन के लिए जिम्मेदार बताया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने नागरिकों की शिकायतों पर देरी से निपटारे पर नाराजगी व्यक्त की एवं कॉल सेंटर में लाइन स्टाफ बढ़ाने की मांग की। रायपुर शहर के विभिन्न जोन में विद्युत मंडल कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। इन अधिकारियों के साथ ठेकेदारों की मिलीभगत और सांठगांठ को बिजली व्यवस्था की बदहाली का कारण बताया।



### ट्रांसफार्मर बदलने और केबल अपग्रेड करने की मांग

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने रिंगरोड, डगनिया, सरोना, रायपुरा क्षेत्र में रोजाना हो रही लाइन फाल्ट के लिए ट्रांसफार्मर बदलने व केबल अपग्रेड करने की मांग की। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने सुंदर नगर, पुरानी बस्ती, टिकरापारा क्षेत्रों में विद्युत मेंटेनेंस स्टाफ न होने और शिकायतों की मॉनिटरिंग रोजाना न होने पर अधिकारियों को खूब सुनाया। उन्होंने मांग की है कि घटिया सामान खरीदी के लिए दोषी अधिकारियों की जांच की जाए। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने रायपुर उत्तर के तेलीबांधा, फाफाडीह, डब्ल्यूआरएस, शंकरनगर, शांतिनगर के क्षेत्रों में बदहाल विद्युत व्यवस्था की शिकायत करते हुए नई भर्ती की मांग रखी।

### मिला आश्वासन, 10 दिन में करेंगे ठोस पहल

विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता संजीव सिंह में प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि विद्युत मंडल अमले को संसाधन सम्पन्न बनाएंगे तथा मानव संसाधन बढ़ाए जाएंगे। घटिया ट्रांसफार्मर, केबल एवं इंसुलेटर की जांच का आश्वासन भी उन्होंने दिया। बैठक में 15 दिन में फिर समीक्षा किए जाने की बात कही गई।

# चोले वाली अम्मा का वर्सी महोत्सव 7 जून को तैयारियों को लेकर बैठक

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को चोले वाली अम्मा का वर्सी महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदास राम साहेब, संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद और महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में होगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि वर्सी महोत्सव में शामिल होने छत्तीसगढ़ के 11 गोदड़ीवाला धाम से अनेक बाबा भक्त व श्रद्धालु शामिल होंगे। साथ ही शहर की सभी सिंधी पूज्य पंचायतों व जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं को वर्सी महोत्सव का निमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को गोदड़ीवाला धाम में सिंधी समाज की सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में महोत्सव की तैयारी जैसे आवास व्यवस्था, पंडाल व्यवस्था, साउंड व लाइट व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, संत-महात्मा को निमंत्रण देने की व्यवस्था, भंडारा साहेब व्यवस्था, अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर सभी सेवादारियों को सेवाएं महंत द्वारा सौंप दी गईं। बैठक में लाल खूबचंदानी, सुशील केसवानी, दिनेश दावानी, घनश्याम माखीजा, राजेश गिदवानी, मेहर माखीजा, शिवा खूबचंदानी समेत अनेक बाबा भक्त व सेवादारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### राम जानकी मंदिर में हो रही रोज आराधना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के राम जानकी मंदिर में पुरुषोत्तम मास पर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर रोज आराधना की जा रही है। श्रद्धालुओं द्वारा संध्या 6 बजे से 9 बजे तक विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने कथा में बताया कि पुरुषोत्तम मास की पहली एकादशी मनाई जा रही है। जिसमें महाप्रभु का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात फल, माखन मिश्री का भोग अर्पित किया गया। शाम को सात बजे अद्भुत श्रृंगार दर्शन कर भक्त भजन-कीर्तन से गुणगान कर रहे है। यह महीना भगवान विष्णु को प्रिय है। भगवान की पूजा और आराधना करने का विशेष महत्व है। मंदिर में रोज दीपक जलाने का क्रम चल रहा है। इससे भगवान पुरुषोत्तम की भक्ति रोशन हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर तीन साल आने वाले अतिरिक्त मास को पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मास में दान करने से कष्ट विघ्न बाधा दूर हो जाते हैं। जिससे भगवान विष्णु के प्रति भक्ति भाव बना रहता है। पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक पूजा अर्चना कर, सुखमय जीवन की कामना की जा रही है। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्त सहित ग्रामीण कथा का आनंद ले रहे हैं।

### निधन

### रामखिलावन साहू



**महासमुंद।** स्थानीय शंकर नगर वार्ड एक निवासी रामखिलावन साहू (52) का 25 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डा. सुखलाल साहू के भतीजे, राजकुमार साहू, छोटेलाल साहू के भाई, मनीष साहू के चाचा व लोकेश साहू के पिता थे।

## स्मरण: शहीद कांग्रेस नेताओं की बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# झीरम घाटी के शहीदों का बलिदान इतिहास का सबसे बड़ा त्याग, कांग्रेस हमेशा रखेगी याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में झीरम घाटी में शहीद कांग्रेस नेताओं की बरसी पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने देश और प्रदेश के इतिहास के सबसे क्रूर नक्सली हमले में शहीद हुए अपने शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ झीरम घाटी के अमर शहीदों शहीद नंदकुमार पटेल, शहीद विद्याचरण शुक्ल, शहीद महेंद्र कर्मा, शहीद उदय मुदलियार, शहीद योगेंद्र शर्मा सहित सभी वीर शहीदों के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि झीरम घाटी की घटना लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला पन्ना है। इस कायराना हमले में हमने कांग्रेस की एक पूरी पीढ़ी के शीर्ष नेतृत्व को खो दिया था। शहीदों का यह बलिदान छत्तीसगढ़ की माटी के प्रति उनके अगाध प्रेम को दर्शाता है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता उनके बताए सिद्धांतों और जन-कल्याण के मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित है। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता, न्याय और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे अंतिम सांस तक जनता के हक के लिए लड़ते रहे। उनका यह सर्वोच्च बलिदान हर वर्ग के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। हम उनके संघर्षों को कभी भूल नहीं सकते।

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि झीरम के शहीदों ने छत्तीसगढ़ में शांति और विकास की जो अलख जगाई थी, उसे हम बुझने नहीं देंगे। हमारी मातृशक्ति और समस्त कार्यकर्ता आज उनके दिखाए गए सेवा भाव को जन-जन तक ले जाने का संकल्प लेते हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि झीरम घाटी का हमला सिर्फ नेताओं पर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज पर हमला था। शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करना और राज्य की खुशहाली के लिए काम करना ही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### शहीदों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, महासमुंद ग्रामीण अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, विजय बंजारे, समीम खान, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भरत ठाकुर, मिंदर चावला, हुलास गिरि गोस्वामी, वीरेंद्र चंद्राकर, अमन चंद्राकर, ममता चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, प्रदीप चंद्राकर, कपिल साहू, हार्दिक सोना, मनोहर ठाकुर, गोपी तारक, तबरेज खान, डा एजाज नकवी, हर्षित चंद्राकर, मोती साहू, अनीश राजवानी, लीलू साहू, महेंद्र साहू, रवि साहू, राजू साहू, अनुराग चंद्राकर, खेमराज ध्रुव, गोपी पाटकर, सुरेंद्र ठाकुर, लोकेश मांझी, आशीष साहू, भानू सोनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## धान संग्रहण केंद्र गढ़फुलझर में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- एसडीएम हरिशंकर पैंकरा की सक्रियता से समय रहते आग पर पाया गया काबू, फड़ प्रभारी की लापरवाही आई सामने



बसना क्षेत्र अंतर्गत गढ़फुलझर धान संग्रहण केंद्र में मंगलवार को अचानक आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार संग्रहण केंद्र में वित्तीय वर्ष 2013-14 का पुराना धान संग्रहित रखा गया था। आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और तत्काल राहत कार्य शुरू किया गया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से शासन को लाखों रुपए के नुकसान से बचा लिया गया।

घटना के दौरान एसडीएम हरिशंकर पैंकरा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनकी सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। प्रारंभिक जानकारी में धान संग्रहण केंद्र में रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि संग्रहित धान की उचित निगरानी एवं सुरक्षित रखरखाव की जिम्मेदारी प्रभारी और फड़ प्रभारी को सौंपी जाती है, लेकिन व्यवस्थाओं में कमी के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। गर्मी के मौसम में इस प्रकार की लापरवाही किसी बड़े हादसे को निमंत्रण दे सकती थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संग्रहण केंद्रों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धान संग्रहण केंद्रों में सुरक्षा एवं रखरखाव व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता बताई है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए सफाई दीदियों के सेवा समय में परिवर्तन करें: देवीचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर प्रतिनियुक्ति मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज खांडे को ज्ञापन सौंपकर सफाई दीदियों एवं सफाई मित्रों के सेवा समय में तत्काल परिवर्तन की मांग की।

राठी ने कहा कि वर्तमान में सफाई दीदियां सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वार्डों में कचरा कलेक्शन कर सेंटर में छंटाई का काम करती हैं। मानवीय दृष्टिकोण से यह उचित नहीं है। जिले में 46 डिग्री तापमान चल रहा है, नौतपा लग चुका है। दोपहर में सड़कें वीरान हो जाती हैं लेकिन सफाई दीदियां भयंकर लू में सेवा देती हैं। जनहित में इनके सेवा समय को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाए। उपाध्यक्ष राठी ने बताया कि ई-रिक्शा खराब होने पर सफाई दीदियाँ स्वयं अपने खर्च से मरम्मत कराती हैं जो अनुचित है। 8000 रुपये की तनख्वाह में घर चलाना होता है, उसके बाद रिक्शा बनाने का बोझ डालना गलत है। रिक्शा की मरम्मत नगरपालिका के खर्च से होनी चाहिए। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा एसबीएम के माध्यम से पूरे फंड की व्यवस्था रहती है। राठी ने कहा कि शासन ने सफाई कर्मियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। सांसद रूपकुमारी चौधरी व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सप्ताह में एक दिन अवकाश का निर्णय भी लिया है। पहले यह लाभ नहीं मिलता था। उपाध्यक्ष राठी ने मांग की कि सेवा समय में परिवर्तन तत्काल किया जाए क्योंकि 20-25 दिन बाद मानसून आ जाएगा। केवल एक माह की बात है इसलिए शीघ्र आदेश जनहित में आवश्यक है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता हनीश बग्गा, दिनेश रूपरेला, आकाश पांडेय उपस्थित थे।

# निर्धारित शुल्क लेकर दिया नल कनेक्शन फिर रातों-रात काटा, व्यवसायी परेशान

## भीषण गर्मी में बस स्टैंड के व्यापारी पेयजल संकट से परेशान, सुशासन तिहार में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)



भीषण गर्मी के बीच स्थानीय बस स्टैंड में पेयजल संकट से जूझ रहे फल व्यवसायी रितेश महंती को नगर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर नया नल कनेक्शन तो दे दिया गया। लेकिन, अगले ही दिन बिना किसी पूर्व सूचना और बिना कारण बताए उसे काट भी दिया गया। इस घटना से व्यापारी वर्ग में नाराजगी व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए फल व्यवसायी रितेश महांती ने 08 मई 2026 को नगर पंचायत कार्यालय में नए नल कनेक्शन के लिए विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन के बाद 11 मई 2026 को नगर पंचायत द्वारा निर्धारित 2100 रुपए शुल्क भी जमा कराया गया। इसके बाद मुख्य नगर पंचायत अधिकारी की सहमति से 23 मई को कर्मचारियों के निर्देश पर आवश्यक पाइप एवं अन्य सामग्री खरीदी गई और देर रात उनके प्रतिष्ठान पर नया नल कनेक्शन स्थापित कर दिया गया। लेकिन, हैरानी की बात यह रही कि अगले ही दिन 24 मई की सुबह नगर पंचायत कर्मचारियों ने बिना कोई सूचना दिए उक्त कनेक्शन को काट दिया। कनेक्शन काटने के पीछे का कारण आज तक स्पष्ट नहीं किया गया है। पीड़ित व्यवसायी रितेश महांती ने बताया कि उन्होंने नगर पंचायत के निर्देशानुसार सभी प्रक्रिया पूरी की थी। निर्धारित शुल्क जमा करने के साथ ही स्वयं के खर्च पर आवश्यक सामग्री भी खरीदी गई थी। इसके बावजूद कनेक्शन काट दिया गया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की ओर से न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही कारण बताया गया। इससे उनके व्यवसाय के साथ-साथ दैनिक जरूरतों पर भी असर पड़ रहा है। रितेश महांती ने इस मामले की शिकायत सुशासन तिहार में अधिकारियों के समक्ष भी की है। साथ ही स्थानीय कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को मौखिक रूप से अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने समाधान का भरोसा दिलाया है।


### सीएमओ बोले: शिकायत मिली है, जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस संबंध में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी बिरझु राम सोनबेर ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। सुशासन तिहार के दौरान शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर कनेक्शन काटे जाने के कारणों का पता लगाया जाएगा और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का दुष्प्रभाव, बीकॉम द्वितीय वर्ष में मात्र 14 प्रतिशत उत्तीर्ण : अंकित

## भाजपाई कुलपति बैठाने का दुष्परिणाम 826 में 624 फेल हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छ०ग०
परीक्षा परिणाम अधिसूचना

क्रमांक / 166 /गोपनीय/परिणाम/2026 रायपुर दिनांक 22-05-2026

विषय - परीक्षा परिणाम की घोषणा बाबत अधिसूचना।

उपरोक्त विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित निम्नलिखित परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम एतद् द्वारा घोषित किया जाता है।

| SN | परीक्षा का नाम | शामिल परीक्षार्थी | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | पूरक | रोके गए | अनुपस्थित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M.A. Sociology (Previous) Annual Exam Mar-Apr 2026 | 956 | 901 | 55 | 0 | 0 | 66 | 94.25 |
| 2 | M.A. History (Previous) Annual Exam Mar-Apr 2026 | 207 | 191 | 15 | 0 | 1 | 42 | 92.27 |
| 3 | M.A. Political Sci. (Previous) Annual Exam Mar-Apr 2026 | 1107 | 1019 | 86 | 0 | 2 | 88 | 92.05 |
| 4 | B.Com. Part - 2 Annual Exam Mar-Apr 2026 | 826 | 121 | 624 | 81 | 0 | 31 | 14.65 |

संबंधित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के website (www.prsu.ac.in/www.prsuuniv.in) में जाकर अपना विस्तृत परिणाम देख सकते हैं। परीक्षार्थी नियमानुसार परीक्षा परिणाम की घोषणा के पंद्रह दिवस के भीतर पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना आवेदन Online कर सकते है।

Checked 22/05/26

आदेशानुसार

भाजपा की बिना किसी से बात किये नोटबंदी, बिना किसानों से बात किये तीन काले कानून, बिना व्यापारियों से बात किये जीएसटी उसी प्रकार बिना समुचित चर्चा और प्रयोग के नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का दुष्परिणाम आज रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के रिजल्ट के साथ दिख गया। अंकित ने बताया कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) रायपुर ने नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से स्नातक (यूजी) प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी -2020) को पूरी तरह लागू किया है। साथ ही पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत नए ब्लेंडेड लर्निंग और डिजिटल एग्जामिनेशन सिस्टम का शुरुआती ट्रायल साइंस कॉलेज (शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय) और छत्तीसगढ़ कॉलेज में किया था। इसके तहत वार्षिक परीक्षा प्रणाली की जगह सेमेस्टर प्रणाली और चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) को अपनाया गया है। अंकित ने बताया कि वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू), रायपुर के तहत वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में कुल 124 संबद्ध महाविद्यालय संचालित हैं। इसमें 40 शासकीय (सरकारी) और 84 अशासकीय (निजी) कॉलेज शामिल हैं। यह कॉलेज रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद जिलों में फैले हुए हैं। आज जब बीकॉम द्वितीय वर्ष का रिजल्ट जारी किया गया तो परीक्षा में बैठे कुल 826 छात्र-छात्राओं में मात्र 122 ही उत्तीर्ण हुए। 81 पूरक आये और कुल 624 फेल हो गए और रिजल्ट मात्र 14.65 प्रतिशत रहा। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद ढूंढ-ढूंढ के जनसंघी कुलपति बैठाए गए, जिन्हें पढ़ाई से कोई वास्ता नहीं है मात्र भाजपा के प्रचार प्रसार का टूल मात्र हैं। अंकित ने कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था बिगाड़ रही है, महंगाई बढ़ा रही है, नौकरियां नहीं मिल रही सुर किसानों को तोड़ने का काम कर रही है, जिसका दुष्परिणाम जब तक वर्तमान सरकार सत्ता में रहेगी तब तक भुगतना पड़ेगा।

# ईंधन के दामों में बढ़ोतरी और डीजल की किल्लत से अन्नदाता परेशान, खेती किसानी के मुहाने पर खड़े किसानों में भय का माहौल : द्वारिकाधीश

## चुनाव खत्म होते ही केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों को दिया बड़ा धोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पेट्रोल-डीजल के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी और बाजार में डीजल की आसन्न किल्लत को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कृषि सीजन ऐन वक्त पर शुरू होने वाला है और ऐसे समय में डीजल के दाम बढ़ना और उसका पर्याप्त स्टॉक न होना सीधे तौर पर हमारे अन्नदाता की कमर तोड़ने जैसा है। महंगाई और किल्लत के इस दोहरे संकट ने जिले के किसानों की नींद उड़ा दी है। विधायक यादव ने कहा कि किसानों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है, जब खेतों की जुताई और बुआई के लिए डीजल की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। लेकिन ईंधन के दाम बढ़ने से जहां खेती की लागत दोगुनी हो गई है, वहीं दूसरी ओर बाजार में डीजल की भारी किल्लत की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। किसान इस बात को लेकर बेहद डरे और भयभीत हैं कि अगर उन्हें समय पर डीजल नहीं मिला, तो वे इस साल अपनी फसलों की बुआई नहीं कर पाएंगे। अन्नदाताओं के मन में सरकार की कुनीतियों के कारण एक गहरा भय और चिंता का वातावरण बन गया है। विधायक यादव ने बताया कि यह संकट कितना बड़ा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि



जिले के पेट्रोल पंप संचालक खुद परेशान हैं। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप संचालक लगातार संबंधित अधिकारियों और तेल कंपनियों से पत्राचार कर रहे हैं। इसके बावजूद शासन और प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति विस्फोटक हो जाएगी। विधायक यादव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकार ने मतदान खत्म होते ही जनता को महंगाई की आग में झोंक दिया है। एक तरफ महंगाई की मार और दूसरी तरफ ईंधन की कमी ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और कृषि आधारित अर्थतंत्र को हिलाकर रख दिया है। विधायक यादव ने मांग की है कि सरकार और प्रशासन तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करे। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए और बढ़े हुए दामों को वापस लेकर किसानों को राहत दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कृषि कार्य के दौरान किसानों को डीजल के लिए भटकना पड़ा, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हक के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## भाजपा की बैठक में आगामी अभियान, सदस्यता विस्तार, बूथ सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता



तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने सभी पदाधिकारियों से संगठन के कार्यों को गति देने एवं आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र संगठन की रीढ़ हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा। बैठक में आगामी अभियान, सदस्यता विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजकों ने अपने-अपने क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। बैठक में मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी देवी चंद राठी, महेंद्र जैन, पवन पटेल, गोपाल वर्मा, जनक लाल साहू, सोना दर्शनवाली, पीयूष साहू, हनीफ बग्गा, राकेश सचदेवा, हिमांशु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर बेलदार, हरीश देवांगन, शरद मराठा, डॉ. विमल चोपड़ा समर्थक राकेश सचदेव, सुदर्शन कुमार तथा गौरव राठी सहित शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# शराब की बिक्री और परिवहन करने वालों के खिलाफ चला विशेष अभियान

**महासमुंद।** जिला पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स और सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत कोमाखान पुलिस ने सिवनीकला बांस प्लाट रोड किनारे ओडिशा राज्य निर्मित हिरण छाप महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी परमानंद पटेल पिता कुशालराम (42 साल) निवासी चिंगरिया थाना कोमाखान के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं बसना पुलिस ने ग्राम सलखंड रोड किनारे रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी गणेश भोई पिता सदानंद भोई (24 साल रनकोट जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ व चंदर सिंह भोई पिता गणेश कुमार भोई (25 साल) रनकोट जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 30 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने ग्राम पतेरापाली में चंद्र कुमार सारथी पिता राजू कुमार सारथी अमृत (44 साल) वार्ड नंबर 11 बाजार पर सरायपाली के कब्जे से तीन लीटर शराब बरामद किया।



## खबर संक्षेप



### भलेसर में संत रविदास भवन बनाने की मांग

**महासमुंद।** सुशासन तिहार में कमरौद पहुंचे मुख्यमंत्री को ग्राम पंचायत भलेसर नयापारा के संत रविदास समिति ने ज्ञापन सौंपकर गांव में भवन निर्माण कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत भलेसर नयापारा में गुरु संत रविदास का कोई भवन नहीं है और न ही कोई ऐसा भवन है जहां हम सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर पाए। इसके कारण समाज के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विधानसभा चुनाव के समय में निरंजन कोसरिया एवं उत्तरा प्रहरे द्वारा 10,00,000 का भवन दिलाने का वादा किया था। किंतु, अभी तक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत नहीं हुई है। रविदास समाज के लोगों ने भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की है।



### शहर में शतरंज प्रतियोगिता 31 को

**महासमुंद।** ब्रिलियंट चेस एकेडमी द्वारा आगामी 31 मई 2026 को एक दिवसीय भव्य शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से पहली से बारहवीं कक्षा तक के शुरुआती खिलाड़ियों को अपनी चालों का हुनर दिखाने का सुनहरा मौका मिलेगा। एकेडमी के संचालक, नेशनल चेस कोच एवं नेशनल आर्बिटर संदीप पटले ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर बच्चों और पालकों में भारी उत्साह है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मानसिक विकास को बढ़ावा देना और उन्हें प्रोफेशनल टूर्नामेंट का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। बच्चों के इसी भारी उत्साह और पालकों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन ने रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब खिलाड़ी बिना लेट फीस के 27 मई तक अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

### अमृतलाल के आवास के लिए किया सर्वे

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसुली के आश्रित ग्राम अमनपुरी निवासी अमृत लाल सोनवानी पिता लक्ष्मण सोनवानी पत्नी इन्द्रौतिन सोनवारी को आवास स्वीकृत नहीं होने के संबंध में मीडिया में प्रकाशित हुआ था। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि ग्राम पंचायत से प्राप्त अभिमत अनुसार हितग्राही को आवास योजना से लाभान्वित के लिए आवास प्लस 2.0 सर्वे 2024-25 में सर्वे कराया गया है। जिसकी हितग्राही आईडी 175895565 है, जिसके संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**शिविर : आरएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रदर्शन में बिखेरी राष्ट्रभक्ति के सुरों की छटा**

# संघ का मूल कार्य व्यक्ति निर्माण और समाज को संगठित करना : नारायण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) छत्तीसगढ़ प्रांत के 15 दिवसीय प्रांतीय घोष वर्ग (संगीत शिविर) का समापन रविवार को महासमुंद के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया गया। 10 मई से शुरू हुए इस कड़े प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर देशप्रेम के सुरों से गूंजायमान हो उठा।

समापन समारोह की अध्यक्षता महासमुंद जिला राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश जैन (बागबाहरा) ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव उपस्थित थे। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचार-पद्धति और कार्य विस्तार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का मूल कार्य व्यक्ति निर्माण और समाज को संगठित करना है। चूंकि, संघ अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इसलिए समाज के व्यापक कल्याण के लिए पंच परिवर्तनों के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज को सही दिशा देने के लिए पांच प्रमुख विषयों पर कार्य किया जा रहा है। इनमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन (पारिवारिक मूल्य), पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। इन पंच परिवर्तनों को अपनाकर ही एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव है। सह प्रांत प्रचारक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लौट रहे स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर न केवल घोष कला का विस्तार करें, बल्कि समाज के वंचित और पीड़ित वर्ग की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने सेवा परमो धर्मः के मंत्र को आत्मसात करने की बात कही।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों के रचनाओं का किया वादन

इन 15 दिनों के भीतर स्वयंसेवकों को संघ के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के वादन का कड़ा अभ्यास कराया गया। समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से घोष-बांसुरी (वंशी), शंख, आनक (ड्रम), प्रणव (साइड ड्रम) जैसे विभिन्न वाद्य यंत्रों पर संघ की विभिन्न तकनीकी और सुमधुर रचनाओं का शानदार प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों की जुगलबंदी और सुरों के समन्वय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस राष्ट्रभक्ति से सराबोर कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और मातृशक्ति बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### राज्य के सभी जिलों से 110 शिक्षणार्थियों ने लिया हिस्सा

शाम ठीक 6 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगर के नागरिक और आमजन उपस्थित थे। अनुशासन और तालबद्धता के साथ जब स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए वाद्यों की प्रस्तुति दी, तो उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रांतीय शिविर में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से चयनित 110 शिक्षणार्थी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। साथ ही 20 प्रशिक्षक व 40 व्यवस्थापक स्वयंसेवक भीड़े थे।

## मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के चलते कर्ज में डूबा भारतः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने, विदेशों से काला धन वापस लाने का वादा किया था। काला धन तो नहीं लाया लेकिन विदेशों से कर्ज लाकर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बना दिया है। देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने 67 साल में जितना कर्ज नहीं लिया, मोदी ने 11 साल में ले लिया। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के चलते देश का हर नागरिक कर्जदार बन गया है। जनता पर तरह-तरह के टैक्स थोपे जा रहे हैं। रोजमर्रा की महंगाई से आम नागरिक परेशान हैं।

खाने-पीने के सामान, कपड़े, जूते, इलेक्ट्रानिक सामान, पेट्रोल-डीजल के दाम दिन-प्रतिदिन बढ़ाए जा रहे हैं। मोदी सरकार के गलत नीतियों के कारण देश महंगाई संकट से गुजरने विवश हो रहा है। पिछले 8 दिनों में 4 बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। आज 25 मई को पेट्रोल के मूल्य में 2.87 रुपए और डीजल के मूल्य में 2.80 रुपए की बढ़ोत्तरी कर मोदी सरकार ने बता दिया है कि आमजनों की परेशानियों से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। इससे पूर्व 15 मई को पेट्रोल 3.29 रुपए, डीजल 3.11 रुपए, 19 मई को पेट्रोल 96 पैसे, डीजल 94 पैसे, 23 मई को पेट्रोल 94 पैसे, डीजल 95 पैसे बढ़ाए गए थे। पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि से वाहनों के किराए-भाड़े में वृद्धि के साथ रोजमर्रा के सामान सब्जी, दूध, अनाज और खाद्य तेलों सहित अन्य जरूरत के सामानों के दाम भी बढ़ेंगे।

# ओडिशा के बुजुर्ग को पहुंचाया घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानकिक तनाव के चलते महीनों से घर के बाहर महीनों से अलग-अलग शहर के बाद शहर में पिछले दो दिन से भटक रहे ओडिशा निवासी एक 81 वर्षीय बुजुर्ग का पता जानकर घर लौटाया गया।

सोमवार को भोजन का तलाश करते हुए अपना मार्केट में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अखिलेश लूनिया की दुकान पहुंचने पर उड़िया भाषी कार्यकर्ता चंदन नेताम को बुलाकर उसकी बातचीत को ट्रांसलेट किया गया। तब पता चला कि वह मधुसूदन साहू ग्राम-भेरुआमुंडा पोस्ट पैकमल जिला बरगढ़ ओडिशा का निवासी है और 10वीं पढ़ा लिखा व्यक्ति है।



साहू समाज महासमुंद के पूर्व युवा अध्यक्ष आनंद साहू द्वारा ओडिशा नुवापारा जिला साहू समाज के अध्यक्ष देवेंद्र साहू से संपर्क कर ग्राम भेरुआमुंडा के सरपंच से संपर्क किया गया, तब पता चला कि वह उसी गांव का निवासी है और संपन्न परिवार से हैं। इसके बाद उसकी नाती यशोबंता साहू से संपर्क हुआ और वह 7:30 बजे पैसेंजर ट्रेन से महासमुंद पहुंचा। रात्रि 8 बजे मधुसूदन साहू को उसके नाती यशोबंता साहू के सुपुर्द किया गया, जो रात्रि 9:30 बजे लिंक एक्सप्रेस से नुवापाड़ा ओडिशा के लिए प्रस्थान किया। इस घटनाक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष एतराम साहू, कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, विश्व हिंदू परिषद की जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, अखिलेश लूनिया, चंदन नेताम, रामेश्वर गोलू साहू, सुरेंद्र महाराज, लोकेश दावड़ा, कुंभज चंद्रकार, बीरू वर्मा आदि से बुजुर्ग को घर पहुंचने में सहयोग किया।

## चंदरपुर के शिव मंदिर तालाब में नवीनीकरण और गहरीकरण का कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली (कोमाखान)

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की आजिविका को सुरक्षा प्रदान करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के अकुशल श्रमिक परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस का रोजगार प्रदान किया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह मनरेगा अधिनियम के तहत रोजगार गारंटी कार्य का आरंभ 2 फरवरी 2006 से हुआ। ग्राम पंचायत स्तर पर किये जाने वाले रोजगार गारंटी विकास कार्य आज भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आजीविका का प्रमुख संसाधन है। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पटपरपाली के आश्रित ग्राम चंदरपुर में स्थित शिव मंदिर तालाब के नवनीकरण और गहरीकरण का कार्य का आरंभ मनरेगा के तहत किया गया। ग्राम पंचायत पटपरपाली में शुरू हुए मनरेगा कार्य के विषय में पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि ग्राम पंचायत का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। मनरेगा के तहत शुरू किए गए कार्य से लोगों को रोजगार मिलेगा। और आगे भी रोजगार गारंटी के तहत अन्य विकास कार्य किए जाएंगे।

## विधायक ने तुमगांव शीतला मंदिर परिसर सौदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रविवार को नगर पंचायत तुमगांव में स्थित मां शीतला मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। परिसर में 12 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है। वहीं 19 लाख रुपए की लागत से डोम शेड लगाया जा रहा है। सिन्हा ने उक्त कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों को भी समय समय पर कार्य का निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा लगातार होना चाहिए जिससे कार्य सुगमता से और गुणवत्तापूर्ण होता है। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष पप्पू पटेल, भाजपा नेता देवीचंद राठी, राजेंद्र चंद्राकर, साजन यादव, दिनेश रूपरेला, नईम खान, पंडित विकास मिश्रा, पार्षदगण राकेश धीवर, भुनेश्वर साहू, दुकालू ध्रुव, उत्तम निर्मलकर, वरिष्ठ नागरिक चैनू साहू, राकेश तिवारी, द्रोणाचार्य साहू, पुष्कर यादव, कुंदन प्रजापति, माणिक सोनवानी, विष्णु धीवर, नरेंद्र साहू, विनोद गहरवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष निखिलकांत ने नागरिकों की सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनसमस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने व तत्काल कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान के लिए निर्देशित भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में पालिका अध्यक्ष साहू ने पालिका कार्यालय में नगरवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि



नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना पालिका का प्रथम दायित्व है। संबंधित शिकायतों, मांगों का समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

नपाध्यक्ष से मुलाकात करने पालिका कार्यालय में विभिन्न मोहल्लों और वार्डों से लोग पहुंचे थे। नागरिकों ने नाली में जलभराव, स्ट्रीट लाइट की खराबी, सफाई व्यवस्था, गलियों की मरम्मत और बोर खनन, आवास, पट्टा, पेंशन संबंधी मांग सहित अनेक समस्याएं उनके समक्ष रखी। नपाध्यक्ष ने सभी नागरिकों की बातें एक-एक कर सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए सीधे कार्यालय आएं, ताकि उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# ब्लूप्रिंट, शिक्षा शास्त्र, एआई, आईसीटी, एनएसपी एवं मानसिक स्वास्थ्य आधारित प्रशिक्षण का द्वितीय चरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समग्र शिक्षा अंतर्गत आयोजित ब्लूप्रिंट एवं शिक्षा शास्त्र, एआई, आईसीटी केंद्र, एनपीएसटी तथा मानसिक स्वास्थ्य विषय आधारित प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के प्रथम दिवस जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन का आगमन हुआ। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित व्याख्याताओं को संबोधित करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने वर्ष 2025-26 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी पूरक अथवा अनुत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। विद्यालयों का दायित्व है कि ऐसे सभी विद्यार्थियों का द्वितीय अवसर परीक्षा के लिए शत-प्रतिशत आवेदन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि नए सत्र में केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करना ही उद्देश्य न हो, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने के स्तर को प्रारंभिक इकाई मूल्यांकन के माध्यम से पहचानना आवश्यक है। बच्चों की कमजोरियों का निदानात्मक परीक्षण कर उपचारात्मक शिक्षण प्रदान किया जाए, तभी वास्तविक रूप से परीक्षा परिणामों में सकारात्मक सुधार संभव हो सकेगा।



उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास विकसित करने की प्रक्रिया है। जब शिक्षक संवेदनशीलता, नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करेंगे, तब निश्चित ही विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण निर्मित होगा। प्रशिक्षण में एआई, आईसीटी, मानसिक स्वास्थ्य एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को नवाचारपूर्ण एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण की दिशा में प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। इस अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, डीआरजी भावना पांडव, बीआरजी मंजू वर्मा, रेखा संतवाणी, सीएसी पवन साहू एवं ईश्वर कुमार सहित व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

Jai Mata Di

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411